## बाघों के गढ़ में आएंगे 50 बायसन

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ लाने की तैयारी

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बाघों के बाद अब बायसन के लिए भी प्रसिद्ध हो सकता है। यहां देश-विदेश से पर्यटक बाघों का दीदार करने के लिए पहुंचते हैं, क्योंकि यहां बाघों का दिखना आसानी है।

लेकिन, अब बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बायसन की हेल्दी पॉपुलेशन बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है, जिसके तहत बायसन प्रोजेक्ट दो की तैयारी पूरी कर ली गई है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि यहां 50 और बायसन लाने की तैयारी की गई है, जो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से लाए जाएंगे। ये बायसन जनवरी 2025 के शुरुआत में लाए जा सकते हैं।

ऐसा नहीं है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अभी बायसन नहीं हैं। डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा ने बताया कि 2011-12 में कान्हा से 50 बायसन लाए गए थे, जिनकी संख्या अब 170 हो चुकी है। कुल 120 बायसन यहां बढ़े हैं। बांधवगढ़ के मगधी, कल्लवाह और ताला परिक्षेत्र के जंगलों में बायसन झुंड में देखे जा सकते हैं।

#### बायसन क्यों लाए जा रहे हैं?

इस पर डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा बताते हैं कि हाल ही में वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, देहरादून द्वारा किए गए सर्वे में यह पाया गया कि कान्हा के बायसन आपस में इनब्रीड हो रहे हैं। जिससे उनकी जेनेटिक गुणवत्ता पर असर पड़ा है और उनका इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो रहा है। इनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घट रही है, क्योंकि इनका जीन पूल सीमित है। सतपुड़ा के बायसन का वेरिएंट थोड़ा अलग है, इसलिए 50 बायसन सतपुड़ा से लाए जा रहे हैं ताकि बायसन की विविधता बनी रहे और उनकी पॉपुलेशन हेल्दी बने।

#### 50 बायसन लाने की अनुमति प्राप्त

बांधवगढ़ में बायसन के सैंपल पहले लिए गए थे और उन पर अध्ययन किया गया था, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। रिसर्च पेपर तैयार करने के बाद इसे पीसीसी वाइल्डलाइफ को भेजा गया और फिर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से 50 बायसन लाने की अनुमति मिली है। यह बायसन प्रोजेक्ट 2 के तहत किया जा रहा है, जो 2025 के शुरुआती महीनों में पूरा हो सकता है।

#### बाड़े में रखे जाएंगे बायसन

बायसन प्रोजेक्ट दो के तहत लाए जाने वाले बायसन को पहले 50 हेक्टेयर के बाड़े में रखा जाएगा, जहां उन्हें 30 दिनों तक निगरानी की जाएगी। इसके बाद उन्हें जंगल में छोड़ने की तैयारी की जाएगी। यह बाड़ा बांधवगढ़ के कल्लवाह परिक्षेत्र में बनाया जाएगा। जंगल में इकोसिस्टम और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए बायसन का महत्व है, क्योंकि बायसन मोटी घास खाते हैं, जिसके बाद नई घास उगती है, जिसे अन्य वन्य प्राणी खाते हैं। इसलिए बायसन के रहने से आसपास के अन्य वन्य प्राणियों की संख्या भी बढ़ती है।

## उप निर्वाचन के लिए एफएलसी आज

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले की गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में आगामी 9 दिसम्बर को सरपंच पद के उप चुनाव के लिए मतदान होगा। इसके पूर्व ईव्हीएम से होने वाले मतदान के लिए एफएलसी, डीईओ एवं आरओ लेवल रेण्डमाईजेशन तथा कमीशनिंग के लिए तिथि निर्धारित की गई है। 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट में ईव्हीएम की एफएलसी होगी। इसके उपरांत एनआईसी में 1 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे डीईओ लेवल रेण्डमाईजेशन एवं 2 दिसम्बर को आरओ लेवल रेण्डमाईजेशन किया जाएगा, जबकि 5 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट में कमीशनिंग का कार्य संपादित किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा एफएलसी एवं कमीशनिंग कार्य के लिए टीम गठित की गई है, जबकि तकनीकी टीम में 10 उपयंत्रियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुरेश कुमार द्वारा आयोग के निर्देशों के तहत समस्त कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव जनवरी में

### कमिश्नर ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल संभाग में आगामी जनवरी 2025 में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव प्रस्तावित है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इन्वेस्टरों और उद्योगपतियों के साथ चर्चा करेंगे।

जनवरी 2025 में आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव को देखते हुए शहडोल संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा कि शहडोल संभाग में औद्योगिक विकास एवं रोजगार की अपार संभावना है। शहडोल संभाग में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं हैं। यहां खनिज, वन

संपदा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, आयुर्वेदिक उत्पादों की अच्छी संभावनाएं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस हेतु शहडोल संभाग के उद्यमियों एवं इन्वेस्टरों की सूची तैयार कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा संख्या में रीजनल इंडस्ट्रीअल कॉन्क्लेव में आमंत्रित करने हेतु कार्य योजना बनाएं। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर उमरिया शिवगोविंद सिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यू.के तिवारी, सहित कृषि विभाग, खनिज विभाग, उद्यानिकी, सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण छह दिसम्बर को

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आगामी 6 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। इस मौके पर समस्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की मतगणना के दौरान मतदान में प्रयुक्त हुई ईव्हीएम को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से ईव्हीएम वेयरहाउस में शिफ्ट कर गत 5 जून को वेयरहाउस में स्थापित स्ट्रांग रूम में निर्वाचन याचिका अवधि के लिए भण्डारित किया गया था। आयोग द्वारा प्रावधानित 45 दिवस की अवधि में कोई भी निर्वाचन याचिका दायर होने की सूचना प्राप्त न होने के उपरांत ईव्हीएम मैनुअल में निर्धारित प्रावधान के तहत ईव्हीएम के त्रैमासिक भौतिक सत्यापन के लिए स्ट्रांग रूम खोला जाएगा तथा मशीनों को वेयरहाउस में परिवर्तित किया जाकर त्रैमासिक निरीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

### जिलास्तरीय रोजगार मेला आज

**पन्ना, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में शुक्रवार, 29 नवम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल कम्पनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं को कैरियर परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने रोजगार मेला के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना कमल श्रीवास्तव को समन्वयकर्ता नियुक्त किया है। इसके अलावा अन्य विभागीय अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

### कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना, देशबन्धु।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा कोल्ड स्टोरेज एवं राइपिनिंग चेम्बर निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग की एमआईडीएच योजना की फसलोत्तर प्रबंधन घटक के तहत वर्ष 2024-25 में कोल्ड स्टोरेज टाइप-1 एवं राइपिंग चेम्बर निर्माण के लिए इच्छुक उद्यमी एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज स्थापना के लिए अधिकतम 5 हजार मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता और राइपिंग चेम्बर की स्थापना के लिए अधिकतम 300 मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता का प्रस्ताव स्वीकार किया जा सकेगा। लागत पर 35 प्रतिशत बैंक ऋण आधारित सब्सिडी भी मिलेगी। कोल्ड स्टोरेज टाइप-1 की लागत राशि 8 हजार प्रति मे. टन और राइपिंग चेम्बर की लागत राशि 1 लाख प्रति मे. टन है। इच्छुकजन अधिक जानकारी के लिए उद्यानिकी विभाग के जिला अथवा विकासखण्ड स्तरीय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### महिलाओं को किया जागरूक

**पन्ना, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हम होंगे कामयाब पखवाड़ा में आज सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र आजीवका मिशन पन्ना में समस्त विकासखण्ड की महिलाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को जागरूक किया गया। डीपीएम प्रमोद शुक्ला के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में स्वसहायता समूह की महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय एवं शहरी परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता द्वारा विधिक सहायता तथा पॉस्को एक्ट, महिला सुरक्षा एवं पुलिस सहायता इत्यादि विषय पर संवाद कर विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

### उप निर्वाचन के लिए एफएलसी आज

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले की गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में आगामी 9 दिसम्बर को सरपंच पद के उप चुनाव के लिए मतदान होगा। इसके पूर्व ईव्हीएम से होने वाले मतदान के लिए एफएलसी, डीईओ एवं आरओ लेवल रेण्डमाईजेशन तथा कमीशनिंग के लिए तिथि निर्धारित की गई है।

## रबी फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन द्वारा रबी मौसम 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके तहत जिले के किसान गेहूं सिंचित एवं असिंचित, चना और मसूर, सरसों फसल का बीमा करा सकते हैं। बीमा योजना में प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, कीट व्याधि, ओलावृष्टि इत्यादि प्राकृतिक आपदाओं से कृषकों को होने वाले नुकसान में राहत प्रदान की जाती है। बीमा योजना का लाभ ऋणी एवं अऋणी कृषक, जो भूधारक व बटाईदार हैं, को मिल सकेगा। अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक, जो योजना में शामिल होने के इच्छुक हैं, वे भी बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र सत्यापित कर तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में शामिल हो सकते हैं। बीमा के तहत रबी फसल के लिए 1.5 प्रतिशत कृषक प्रीमियम राशि निर्धारित है, जिसके अनुसार कृषक द्वारा गेहूं सिंचित के लिए 600 रूपए एवं असिंचित के लिए 306 रूपए प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम देय होगा। इसी तरह चना फसल के लिए 435 रूपए, मसूर के लिए 330 रूपए और सरसों के लिए 264 रूपए प्रति हेक्टेयर प्रीमियम की दर निर्धारित है।

**आवश्यक दस्तावेज**-बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज भी निर्धारित किए गए हैं। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित बैंक एवं सहकारी समिति द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके लिए बुवाई प्रमाण पत्र या स्वघोषणा पत्र प्रस्तुत करना जरूरी है, जबकि अऋणी कृषकों को भूमि दस्तावेज, नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक और फसल बुआई प्रमाण पत्र इत्यादि जमा कराना जरूरी है। बीमा करवाने के लिए किसान बैंक की निकटतम शाखा या सहकारी समिति, ग्राहक सेवा केन्द्र अथवा कॉमन सर्विस सेन्टर, फसल बीमा पोर्टल, क्रॉप इंश्योरेंस एप, एआईसी के प्रतिनिधि या कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ए.पी. सुमन ने बताया कि एक ही अधिसूचित क्षेत्र और अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में कृषक को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। किसान द्वारा इसकी सूचना संबंधित बैंक को देनी होगी।

## हेल्पलाइन और पोर्टल से कराया अवगत

### हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज के निर्धारित विषय महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाईन और पोर्टल के बारे में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर पालिका शहडोल के सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्व सहायता समूह के महिलाओं की भागीदारी रही।

विषय विशेषज्ञ/ वक?ता के रूप में राघवेंद्र तिवारी प्रभारी कोतवाली शहडोल, मनोज लारोकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला शहडोल, अखिलेश मिश्रा सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास, आनंद अग्रवाल परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास में विभाग सोहागपुर, पुनीत त्रिपाठी नोडल अधिकारी नगर पालिका शहडोल, सत्यकाम मिश्रा सिटी मिशन मैनेजर नगर पालिका शहडोल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज लारोकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया तथा जागरुकता कार्यक्रम संबंधी आज की थीम के बारे में अवगत कराया गया। आज के परिवेश में महिलाओं की बढती भागीदारी से भी अवगत कराया गया।

## ट्रैक्टर में ले जा रहे थे अवैध रेत, पुलिस ने किया जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की ब्यौहारी पुलिस ने अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। पुलिस ने इन सभी ट्रैक्टर चालकों और ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ब्यौहारी पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झापर नदी ग्राम उक्सा से तीन ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रूप से रेत भरकर उसे बनसुकली रोड होते हुए ब्यौहारी की तरफ ले जाया जा रहै है।

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ब्यौहारी

पुलिस ने तत्काल रीवा शहडोल मुख्य मार्ग बनसुकली चौराहा में वेरिकेटिंग लगाकर चेंकिग शुरू कर दी।

इसी दौरान पुलिस को तीन ट्रैक्टर आते हुए दिखे जिसमें रेत लोड थी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालकों को रोककर पूछताछ की तो चालकों ने अपना नाम नाम देवेश कोल उम्र 25 वर्ष निवासी तेन्दुआड, देवनारायण कोल उम्र 22 वर्ष निवासी उक्सा एवं राहुल कोल उम्र 20 वर्ष ग्राम उकसा बताया। पुलिस द्वारा रेत के संबंध मे दस्तावेज मांगने पर चालकों ने कहा कि उनके पास कोई दस्तावेज नहीं है। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि वे ट्रैक्टर मालिक के कहने पर अवैध रूप से रेत लोड कर ले जा रहे थे। पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर के चालकों और मालिक के विरूद्ध पृथक-पृथक प्रकरण कायम कर आरोपी चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में उक्तकार्यवाही थाना प्रभारी ब्यौहारी निरीक्षक अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक श्याम सिंह, कपिल कांत तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज चौधरी, नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, संजय द्विवेदी एवं शत्रुधन सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

## 27 लाख 75 हजार की राहत राशि स्वीकृत

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 एवं संशोधित नियमों के प्रावधान के तहत तथा जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के पीड़ित व्यक्तियों एवं आश्रितजनों को राहत राशि स्वीकृत की है। अनुसूचित जाति वर्ग के 38 उत्पीड़ितों को 20 लाख 50 हजार रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 14 उत्पीड़ितों को 7 लाख 25 हजार रूपए की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

## मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना, देशबन्धु।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत 9 दिसम्बर को जिले की ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में सरपंच पद के लिए मतदान होगा। मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उच्च माध्यमिक शिक्षक मनीष रेजा एवं सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। इनके द्वारा 6 दिसम्बर को दो पालियों में शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज में मतदान दल को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## संविदा भर्ती के आवेदन आंमत्रित

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम पन्ना के संचालन हेतु संविदा आधार पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यालय सहायक, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा भृत्य के एक-एक पद पर एक वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति की जाना है। भर्ती साक्षात्कार के माध्यम से होगी। इसके लिए 31 अक्टूबर 2024 की स्थिति में आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। इच्छुकजन 2 से 14 दिसम्बर 2024 तक आवेदन कर सकेंगे। साक्षात्कार की तिथि 10 से 20 जनवरी 2025 तक निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## मामूली बात पर किशोर ने लगाई फांसी

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक 18 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपनी मां से एक छोटी-सी बात को लेकर नाराज था।

रात को खाना खाने के बाद वह घर से निकल कर बाहर चला गया। सुबह घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक आम के पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार, ब्यौहारी थाना क्षेत्र में रहने वाला राहुल सिंह कंवर उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम छतौनी शाम को अपनी मां से गुटखा खरीदने के लिए 40 रुपये मांग रहा था, लेकिन मां ने उसे 20 रुपये दिए। मां ने उसे समझाया कि गुटखा खाने से वह बीमार हो सकता है, इसलिए उसे छोड़ देना चाहिए। यह बात कहकर मां ने उसे 20 रुपये की छोटी राजश्री लेकर काम चलाने को कहा था। इस बात से नाराज होकर किशोर ने खाना खाया और अपने कमरे में चला गया। रात में घर के सभी लोगों के सोने के बाद राहुल चुपचाप निकल गया। सुबह, ग्रामीणों ने खेत में लगे आम के पेड़ से उसका शव लटका हुआ देखा, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी। वही इस संबंध में ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि जिस किशोर ने फांसी लगाई है, उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। उन्होंने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## ब्यौहारी महाविद्यालय के छात्रों का भविष्य अंधकार में

- शहडोल में रहती हैं नवनियुक्त प्रिंसिपल, प्रभार मिलने के बाद मेडिकल लीव पर गई
- आरसी त्रिपाठी को बनाया प्रभारी, वह भी रहते हैं शहडोल
- छात्रों की बढ़ी परेशानी

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** व्यवहारी क्षेत्र का महाविद्यालय पंडित रामकिशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय समस्याओं से जूझ रहा है ताजा समस्या यह है कि महाविद्यालय में नियमित प्राचार्य नहीं है प्रभारी के भरोसे चल रहा है आपको बताते चलें कि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ। आरके तिवारी सस्पेंड हो गए हैं उनके सस्पेंड होने के बाद महाविद्यालय का प्रभार किरण सिंह को दिया गया है जो की शहडोल में रहती है प्रभार मिलने के बाद उन्होंने डीडीओ पावर भी ले लिया और पावर लेने के बाद अनिश्चितकालीन मेडिकल लीव पर चली गई उन्होंने अपना प्रभार आरसी त्रिपाठी को दे दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर आरसी त्रिपाठी एवं किरण सिंह दोनों का शहडोल में स्थाई निवास है और नियमित रूप से कॉलेज नहीं आ पाते प्रचार्य का प्रभार मिलने के बाद किरण सिंह परेशानी से बचने के लिए मेडिकल लीव पर चली गई और अपना प्रभार आर सी त्रिपाठी को दे दिया अब समस्या यह है कि आरसी त्रिपाठी भी नियमित नहीं आती जिससे बच्चे अपना आवेदन लेकर के किसके पास जाएं क्योंकि दूर-दराज से बच्चे आते हैं एक दिन में उनका काम नहीं हो पता फिर बार-बार आना पड़ता है अभी कुछ दिनों पहले बच्चे आवास एवं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पर साइन कराने आर सी त्रिपाठी के पास गए तो उन्होंने कहा कि आवेदन बाबू के माध्यम से आएगा तो मैं कर दूंगा और अगले दिन खुद प्रभारी प्राचार्य आए ही नहीं इस तरह से महाविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था चौपट हो रही है।

क्षेत्र के विधायक को विद्यालय में नियमित प्राचार्य की नियुक्ति करवाना चाहिए आखिर कब तक प्रभारी के भरोसे महाविद्यालय चलेगा, साथ ही ऐसे प्राचार्य नियुक्त होना चाहिए जो व्यवहारी में रहता हो ना की शहडोल में। आखिर क्यों सस्पेंड हुए आरके तिवारी- सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किरण सिंह और आरके त्रिपाठी कभी भी नियमित रूप से कॉलेज नहीं आए और शहडोल से ही हफ्ते में ही कुछ ही दिन कॉलेज आ पाते थे जिसकी जानकारी पूर्व प्राचार्य को थी लेकिन इस लापरवाही के खिलाफ कभी उन्होंने कार्रवाई नहीं की उधर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग शहडोल में होती थी डॉक्टर आरके तिवारी शहडोल ना जाकर हमेशा आरसी त्रिपाठी को भेजा करते थे और जब उच्च शिक्षा विभाग जानकारी पूछता था तो बोल देते थे कि हमको जानकारी नहीं है यह जानकारी हमको बताएं ही नहीं हमको भेज भरे हैं त्रिपाठी के इस गैर जिम्मेदार जवाब के कारण प्राचार्य डां आर के तिवारी को निलंबित कर दिया गया और एडी कार्यालय जबलपुर में अटैच कर दिया गया उसके बाद से कॉलेज के प्राचार्य का पद प्रभार पर प्रभार चल रहा है। जो की नियमित प्रचार्य के आने के बाद ही रकेगा।

महाविद्यालय में प्रभार पर प्रभार-सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरके तिवारी के सस्पेंड होने के बाद किरण सिंह को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया प्रचार्य बनने के बद उन्होंने अपना प्रभार आरसी त्रिपाठी को दे दिया और मेडिकल लीव पर चली गई इधर आरसी त्रिपाठी ने अपनी परेशानी को देखते हुए अपना प्रभार जीएस धुर्वे को दे दिया। मतलब की प्रभार पर प्रभार जो कि नियम विरुद्ध है, वहीं छात्र-छात्राओं को कहना है कि यदि इसी तरह से प्रभार पर प्रभाव होता रहेगा तो क्या पढ़ाई होगी क्या हमारा भविष्य होगा। कॉलेज के छात्र-छात्राओं में नियमित रूप से अनुपस्थित रहने वाले प्रोफेसरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं।